मामले में विहित किया जाए, आंकड़े एकत्र करना ।

(12) कामगारों के लिए बेहतर कार्य दशाएं प्राप्त करना और सुविधाओं तथा प्रोत्साहनों की व्यवस्था करना । चाय बोर्ड के कार्यों, कार्यकलापों तथा लाभप्रदता के बारे में एक समिति समीक्षा कर रही है ।

(ग) सातवीं पंचवर्षीय योजना के लिए निर्धारित किए गए चाय के उत्पादन लक्ष्य निम्न प्रकार हैं :—

वर्ष	लक्ष्य (मि०कि०ग्रा०)
1985-86	651
1986-87	677
1987-88	702
1988-89	731
1989-90	760

सातवीं योजनावधि के दौरान पर्यटन स्थलों का विकास

1146. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :** क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान कितने धार्मिक और ऐतिहासिक स्थानों, पर्वतीय स्थलों व पर्यटन स्थलों का विकास करने का लक्ष्य रखा गया था तथा अब तक कितना लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है ;

(ख) क्या सरकार धार्मिक स्थलों, विशेष रूप से केदारनाथ धाम पुरी, द्वारका धाम, बद्रीनाथ धाम और रामेश्वरम के लिये अन्तर्देशीय पर्यटन को विकसित करने की कोई योजना है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाईटलर) : (क) केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने सातवीं पंचवर्षीय योजना में धार्मिक और ऐतिहासिक स्थानों पर्वतीय स्थलों तथा पर्यटक परिसरों का विकास करने के लिये कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं किया है क्योंकि पर्यटन आधार संरचना का विकास करना एक सतत प्रक्रिया है । यह मंत्रालय स्थान की संभाव्यता, केन्द्र की यात्रा करने वाले पर्यटकों की संख्या, धन की उपलब्धता तथा परस्पर प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुये राज्यों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर उन्हें वित्तीय सहायता देता है । सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान देश में प्रथम चरण में 80-100 पर्यटक केन्द्रों का तेजी से विकास करने का प्रस्ताव है ।

(ख) और (ग) अंतर्राज्यीय तथा स्वदेशी पर्यटन का विकास करने के लिये विभाग ने यात्रिकाओं, यात्री निवासों, पर्यटन बंगलों, आदि का निर्माण करने के लिये विशेष कार्यक्रम बनाये हैं । पुरी, द्वारका धाम तथा रामेश्वरम में यात्रिकाओं का निर्माण कार्य चल रहा है । इसके अलावा रामेश्वरम में आवास सहित एक पर्यटक स्वागत केन्द्र का निर्माण कार्य चल रहा है ।

Attacks on Tamilians in Jaffna Area by the Sri Lankan Armed Forces

1147. SHRI P. N SUKUL: Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state:

(a) what is Government's reaction to the con inued attacks by the Sri Lankan Armed Forces on the Tamilians In Jaffna and other areas, and

(b) what effective measures Government are taking or contemplating for the cessa tion of the current hostilities against tie Island's Tamilian population?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K. NATWAR SINGH): (a) Government is not aware attacks are presently